


WhatsApp JOIN NOW!

- भारत GK टेस्ट सीरिज :- Click Here
- सम्पूर्ण नोट्स PDF’s :- Click Here
- GK/GS 5100+ प्रश्न PDF :- Click Here
- टेस्ट सीरिज Apk डाउनलोड :- Click Here
- राजस्थान क्लासेज (होम पेज) :- Click Here
- लेटेस्ट पोस्ट :- Click Here
- SSC GD मॉडल पेपर PDF :- Click Here

WhatsApp JOIN NOW!


# SSC GD

**Date : 17/11/2021** **Time : 12 : 30 PM – 2 : 00 PM**

## Section : General Intelligence and Reasoning

1. निम्नलिखित समीकरण को सही बनाने के लिए, किन दो गणितीय चिन्हों को एक दूसरे से बदलने की आवश्यकता है?
**16 ÷ 32 × 128 + 9 – 17 = –4**
(a) ÷ और + (b) × और –
(c) × और ÷ (d) + और – **(c)**

2. निम्नांकित चित्रों में एक कागज को मोड़ने का क्रम और मुड़े हुए कागज को काटने का तरीका दर्शाया गया है। मुड़े हुए कागज को खोलने पर यह कैसा दिखाई देगा?



**(a)**

3. अक्षरों के उस संयोजन का चयन करें जो नीचे दी गई शृंखला के रिक्त स्थान में क्रमिक रूप से रखे जाने पर शृंखला को पूर्ण करेगा।
**G _ _ P K _ D F _ K G D _ _ K**
(a) DPDFKF (b) DFGDFP
(c) DFGPFP (d) DFGDFK **(c)**

4. दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन करें जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर आ सकती है।
**15, 45, 75, 105, ?**
(a) 135 (b) 130 (c) 120 (d) 125 **(a)**

5. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी सही मानते हुए, चाहे वह सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते हैं।
कथन:
सभी एम. टेक छात्र इंजीनियर हैं।
सभी एल.एल.एम. छात्र वकील हैं।
निष्कर्ष:
I. सभी वकील एल.एल.एम. छात्र हैं।
II. सभी इंजीनियर एम.टेक छात्र हैं।
(a) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(c) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(d) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं। **(a)**

6. चार अक्षर-समूह दिए गए हैं, जिनमें से तीन किसी तरह से संगत हैं और एक असंगत है। उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो अन्य से असंगत है।
(a) PSVYB (b) NQTWA (c) DGJMP (d) TWZCF **(b)**

7. दिए गए पैटर्न का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और उस संख्या का चयन करें जो इसमें प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर आ सकती है?

| | | |
|---|---|---|
| 81 | 33 | 56 |
| 3 | 6 | 4 |
| 54 | 11 | ? |


(a) 27 (b) 28 (c) 9 (d) 14 **(b)**

8. एक निश्चित कूट भाषा में, **COACH** को **90** लिखा जाता है और **POST** को **210** लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में **NOISE** को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) 186 (b) 158 (c) 168 (d) 124 **(a)**

9. एक विशिष्ट कूट भाषा में, **'DESK'** का कोड **'@#+%'** और **'RAIN'** का कोड **'$-x'** है। इस कूट भाषा में **'RISK'** का कोड क्या होगा?
(a) #+%@ (b) S#%× (c) $×+% (d) +-÷% **(c)**

10. दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर आ सकता है।
**BKR, DNV, FQZ, ?, JWH**
(a) THE (b) HUD (c) HTD (d) HSC **(c)**

11. निम्न आकृति-शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी आकृति आएगी?



**(c)**

12. बारह दोस्त दो समान्तर रेखाओं में बैठे हुए हैं। हर पंक्ति में 6-6 लोग बैठे हुए हैं और उनका चेहरा दूसरी पंक्ति में बैठे लोगों की तरफ है। पंक्ति 1 में **A, B, C, D, E** और **F** बैठे हुए हैं और उन सभी का चेहरा उत्तर दिशा की ओर है। पंक्ति 2 में, **O, P, Q, R, S** और **T** बैठे हुए हैं और उन सभी का चेहरा दक्षिण दिशा की ओर है, लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में हो। **C, B** के दाईं ओर से तीसरे स्थान पर है। **C, E** या **A** के बगल में नहीं है। **P, S** के दाईं ओर तीसरे स्थान पर है। किसी भी पंक्ति के बिल्कुल अंत में न तो **P** और न ही **S** बैठा है। **F** का चेहरा **O** की ओर है जो **T** के दाईं ओर दूसरे स्थान पर है और **T, S** के बगल में नहीं है। **Q** और **T** के बीच में केवल दो लोग बैठे हुए हैं। **A** का चेहरा **R** की ओर नहीं है। निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म पंक्तियों के छोरों पर बैठा हुआ हैं?
(a) SB, PC (b) RB, TC (c) RE, TC (d) SA, PD **(c)**


WhatsApp JOIN NOW!

13. नीता, विनीता, सत्या, कामिनी, दिव्या और अल्पा एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठी हैं। अल्पा, विनीता के दाईं ओर ठीक बगल में बैठी है। कामिनी, नीता और सत्या के बीच में बैठी है। दिव्या, नीता और विनीता के बीच में बैठी है। सत्या के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठी हैं?
(a) विनीता (b) अल्पा (c) दिव्या (d) नीता **(c)**

14. दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर आ सकती है।
**14, 33, 71, 147, 299, ?**
(a) 603 (b) 612 (c) 493 (d) 593 **(a)**




15. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे अक्षर-समूह से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा अक्षर-समूह पहले अक्षर-समूह से संबंधित हैं।
**RKM : VFS : : PSQ : ?**
(a) TMW (b) SNW (c) SNX (d) TNW **(d)**

16. उस वेन आरेख का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित वर्गों के बीच के संबंध को सर्वोत्तम ढंग से निरूपित करता है।
स्तनधारी, जेबरा, पशु

(a)  (b) 
(c)  (d)  **(a)**

17. उस विकल्प को चुनें जिसमें दी गई आकृति अंतः स्थापित है (घुमाने की अनुमति नहीं है)।







(a)  (b) 
(c)  (d)  **(b)**

18. एक ही पासे की तीन अलग-अलग स्थितियां दिखाई गई है। वह संख्या चुनें जो संख्या '4' वाले पृष्ठ के विपरीत पृष्ठ पर होगी।



(a) 6 (b) 2 (c) 3 (d) 1 **(b)**

19. दिए गए संयोजन के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए, जबकि दर्पण को इसकी दाईं ओर रखा गया है।
**FR4PW5**
(a)  (b) 
(c)  (d)  **(d)**

20. एक निश्चित कूट भाषा में, **'SINGER'** को **'TKROUX'** के रूप में लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में **'ROOKIE'** को किस रूप में लिखा जाएगा?
(a) SQRSYK (b) SQSSYK
(c) SQSRYK (d) SQRRYK **(b)**

21. एक संख्या को उसके 4 गुने से घटाया जाता है, और फिर प्राप्त संख्या को उसकी (परिणामी संख्या की) अगली संख्या में जोड़ा जाता है। यदि इसका उत्तर 91 प्राप्त होता है, तो आरंभिक संख्या कितनी थी?
(a) 13 (b) 17 (c) 14 (d) 15 **(d)**

22. **C, B** का भाई है और **D, E** के दादा/नाना हैं। **B, D** की बहू है और **A, E** के पिता हैं। **C** का **E** से क्या संबंध हैं?
(a) चाचा (b) चाची (c) मामी (d) मामा **(d)**

23. वह विकल्प चुनें, जिसका तीसरी संख्या से ठीक वैसा ही संबंध हैं, जैसा कि दूसरी संख्या का संबंध पहली संख्या से है।
**77 : 11 : : 259 : ?**
(a) 29 (b) 37 (c) 43 (d) 31 **(b)**

24. 'नेफ्रोलॉजिस्ट' का 'गुर्दे' से वही संबंध है, जो 'कार्डियोलॉजिस्ट' का '..........' से है।
(a) हृदय (b) फेफड़े (c) पित्ताशय (d) अग्नाशय **(a)**

25. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें निम्नलिखित शब्दों का वह क्रम दिया गया है जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोश में आते हैं।
**1. Uneventful** **2. Uneconomical**
**3. Unexplained** **4. Unexpected**
**5. Unemployment**
(a) 3, 5, 1, 4, 2 (b) 2, 5, 3, 4, 1
(c) 2, 5, 1, 4, 3 (d) 2, 5, 1, 3, 4 **(c)**

## Section : GK and GS

1. राजनीतिज्ञ-लेखक एम वीरप्पा मोइली को उनकी .......... काव्य रचना 'श्री बाहुबली अहिंसादिग्विजयम' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया गया।
(a) तेलुगू (b) तमिल (c) मलयालम (d) कन्नड़ **(d)**

2. विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन वन्यजीव अभयारण्य निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?
(a) उत्तरप्रदेश (b) बिहार
(c) गोवा (d) छत्तीसगढ़ **(b)**

3. भारत में हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम ने, ज्येष्ठाधिकार के नियम को कब समाप्त कर दिया था?
(a) 1956 (b) 1946 (c) 1960 (d) 1950 **(a)**

4. भारतीय व्यापारियों और उद्योगपतियों द्वारा अपने व्यापारिक हितों को एक साझा मंच पर लाने के लिए भारतीय औद्योगिक और वाणिज्यिक कांग्रेस का गठन किस वर्ष किया गया था?
(a) 1934 (b) 1920 (c) 1909 (d) 1945 **(b)**

5. सुतीर्थ मुखर्जी एक भारतीय............हैं।
(a) गोल्फर (b) बैडमिंटन खिलाड़ी
(c) तैराक (d) टेबल टेनिस खिलाड़ी **(d)**

6. थार के रेगिस्तान की सबसे लम्बी नदी निम्न में से कौन-सी हैं?
(a) लूनी (b) चंबल (c) झेलम (d) सोन **(a)**

7. दिसंबर, 2020 में विराट कोहली ने निम्न में से कौन सा पुरस्कार जीता?
(a) ICC मेन्स ODI क्रिकेटर ऑफ द डिकेड
(b) ICC मेन्स टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द डिकेड
(c) ICC स्पिरिट ऑफ क्रिकेट अवार्ड ऑफ द डिकेड
(d) ICC मेन्स T20 क्रिकेटर ऑफ द डिकेड **(a)**

8. निम्नलिखित में से कौनसा मंगलुरू स्थित मंदिर भगवान शिव के एक अवतार को समर्पित है?
(a) अनंत वासुदेव मंदिर (b) गुंडिचा मंदिर
(c) मुक्तेश्वर मंदिर (d) कादरी मंजुनाथ मंदिर **(d)**

9. यस बैंक के संस्थापक कौन हैं?
(a) राहुल कुमार (b) राजेश कपूर
(c) राणा कपूर (d) प्रशांत कुमार **(c)**

10. निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत हैं?
(a) अमाशय से भोजन छोटी आंत में प्रवेश करता है।
(b) लार में सलाइवरी लाइपेज नामक एक एंजाइम होता है जो स्टार्च को सरल शर्करा में विघटित करता है।
(c) भोजन ग्रासनली (इसोफेगस) के माध्यम से अमाशय में प्रवेश करता है।
(d) कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा का पूर्ण पाचन छोटी आंत में ही होता है। **(b)**

11. निम्नलिखित में से किसने स्वतंत्र अवध वंश की नींव रखी?
(a) सआदत खाँ (b) मार्तंड वर्मा
(c) चिंकिलिच खाँ (d) हैदर अली **(a)**

12. नवंबर, 2020 में निम्नलिखित में से किसे बिहार विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया?
(a) जीतन राम माँझी (b) अवध बिहारी चौधरी
(c) विजय कुमार सिन्हा (d) प्रेम कुमार **(c)**

13. संविधान की प्रस्तावना में इनमें से कौन सा शब्द, भारत को पूर्ण राजनीतिक स्वतंत्रता और सर्वोच्च शक्ति वाले देश के रूप में वर्णित करता है?
(a) लोकतांत्रिक (b) धर्मनिरपेक्ष
(c) संप्रभु (d) समाजवादी **(c)**

14. कुतुबमीनार के पाँचवें तल का निर्माण निम्न में से किसके शासनकाल के दौरान किया गया था?
(a) इल्तुतमिश (b) रजिया सुल्तान
(c) फिरोज शाह तुगलक (d) मोहम्मद–बिन–तुगलक **(c)**

15. 'वन नेशन, वन टैक्स, वन मार्केट' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत में इनमें से कौन सा कर पेश किया गया था?
(a) प्रतिभूति लेनदेन कर (b) केंद्रीय उत्पाद शुल्क
(c) वस्तु एवं सेवा कर (d) सीमा शुल्क **(c)**

16. 'द कॉमनवेल्थ ऑफ क्रिकेट : ए लाइफलॉन्ग लव अफेयर विथ मोस्ट सटल एंड सॉफिस्टिकेटेड गेम नोन टू ह्यूमनकाइंड'.........द्वारा लिखित एक पुस्तक है।
(a) डायना एडलजी (b) रामचंद्र गुहा
(c) विनोद राय (d) विक्रम लिमये **(b)**

17. नवंबर, 2020 में सब्जियों और फूलों के लिए इंडो-डच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) किस राज्य में खोला गया था?
(a) गुजरात (b) तेलंगाना (c) पंजाब (d) केरल **(d)**

18. हीमोग्लोबिन की कमी के कारण निम्न में से कौन सा रोग होता है?
(a) एनीमिया (b) मलेरिया (c) हैजा (d) रेबीज **(a)**

19. स्वाद संबंधी अभिग्रहाक मानव शरीर के किस अंग में होते हैं?
(a) आंखें (b) नाक (c) त्वचा (d) जीभ **(d)**

20. भारत के कुछ हिस्सों में किसान अपने...........की पूजा करके पोला त्योहार मनाते हैं।
(a) बैल (b) खेत
(c) खेती के औजार (d) पूर्वजों **(a)**

21. निम्नलिखित में से कौन 31 अगस्त 2021 को भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में शपथ लेने वाली महिला न्यायाधीशों में शामिल नहीं थी?
(a) जस्टिस इंदिरा बनर्जी (b) जस्टिस बेला एम त्रिवेदी
(c) जस्टिस बीवी नागरत्न (d) जस्टिस हिमा कोहली **(a)**

22. '.......', बाँस उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए राष्ट्रीय बाँस मिशन और गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस (GeM) की एक पहल है।
(a) इंडियन गोल्ड कलेक्शन (b) ग्रीन वुड कलेक्शन
(c) ग्रीन गोल्ड कलेक्शन (d) इंडियन बम्बू कलेक्शन **(c)**

23. प्रथम ओलंपिक कांग्रेस का आयोजन वर्ष 1894 में.........में किया गया था।
(a) ओस्लो (b) लंदन (c) पेरिस (d) स्टॉकहोम **(c)**

24. भारत के संविधान का अनुच्छेद 76 किससे संबंधित है?
(a) भारत के महान्यायवादी (b) प्रशासनिक अधिकरण
(c) सर्वोच्च न्यायालय (d) चुनाव आयोग **(a)**

25. ........... एक जोखिम प्रबंधन रणनीति है जो संबंधित परिसंपत्ति में विपरीत स्थिति लेकर निवेश में नुकसान की भरपाई करने के लिए नियोजित है।
(a) बचाव–व्यवस्था (b) संपार्श्विक
(c) मापनीयता (d) ऋण–परिशोधन **(d)**

## Section : Part-C: Elementary Mathematics

1. एक निश्चित धन-राशि पर 5% वार्षिक ब्याज दर पर 2 वर्षों के चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच अंतर ₹152 है। वह धन-राशि कितनी (₹ में) हैं?
(a) 60,800 (b) 10,500 (c) 50,500 (d) 60,000 **(a)**

2. A एक निश्चित कार्य को 20 दिनों में कर सकता है। B, A से 25% अधिक कार्यकुशल है, और C, B से 20% अधिक कार्यकुशल है। A और C, एक साथ 5 दिनों तक कार्य करते हैं। B अकेले शेष कार्य को कितने दिनों में पूरा करेगा?
(a) 5 दिन (b) 6 दिन (c) 9 दिन (d) 8 दिन **(b)**

3. रघु और रमन एक निश्चित बराबर दूरी को तय करने के लिए क्रमशः 10 km/h और 8 km/h की चाल से एक साथ चलना शुरू करते हैं। रघु, रमन से 30 मिनट पहले पहुँच जाता है। आरंभिक बिंदु और अंतिम बिंदु के बीच की दूरी ज्ञात करें।
(a) 24 km (b) 20 km (c) 25 km (d) 28 km **(b)**

4. एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹ 450 है। इसे 10%, x% और 20% की तीन क्रमिक छूटों के बाद ₹ 267.30 में बेचा जाता है। x का मान ज्ञात कीजिए।
(a) 16.5 (b) 17.5 (c) 19 (d) 18 **(b)**

5. शांत जल में एक नाव की चाल 10 km/h है। नाव द्वारा धारा की दिशा में 35 km जाने में लगा समय, धारा की विपरीत दिशा में 14 km जाने में लगने वाले समय का 1.25 गुना है। धारा की दिशा में 60 km जाने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?
(a) 3 (b) 4 (c) 4.5 (d) 3.5 **(c)**

6. $75 \div 30 - \frac{3}{4} \text{ of } \left(\frac{5}{7} \div \frac{9}{14}\right) - \left(3\frac{1}{3} - 1\frac{2}{3}\right)$ का मान कितना होगा?
(a) 1 (b) 0 (c) 10 (d) 5 **(b)**

7. एक समूह में 24 व्यक्तियों का औसत भार 72 kg है। यदि 78 kg औसत भार वाले 3 व्यक्ति समूह से निकल जाते है और 75 kg औसत भार वाले 4 व्यक्ति समूह में शामिल हो जाते हैं, तो अब समूह में व्यक्तियों का औसत भार (किग्रा. में) कितना होगा?
(a) 71.76 (b) 67.8 (c) 67.74 (d) 66.5 **(a)**

8. 10 cm त्रिज्या वाले 12 गोलाकार गेंदों को ऊपर तक पानी से भरी हुई बाल्टी में डुबोया जाता है। बाहर निकले हुए पानी को 20 cm त्रिज्या वाले एक बेलनाकार जार में एकत्र

WhatsApp
JOIN NOW!

किया जाता है। जार में पानी की ऊँचाई (cm में) कितनी है? ($\pi = \frac{22}{7}$ लें)

(a) 32 (b) 40 (c) 18 (d) 45 **(b)**

9. एक वस्तु के अंकित मूल्य पर 10% और 5% की क्रमिक छूट के बाद, वह ₹ 3,420 में बिक्री। वस्तु का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।
(a) ₹ 6,000 (b) ₹ 4,400 (c) ₹ 4,000 (d) ₹ 5,000 **(c)**

10. क्रमशः 6 cm, 8 cm और 10 cm भुजाओं वाले तीन ठोस धात्विक घनों को पिघलाकर एक नया ठोस घन बनाया गया। नये ठोस घन की भुजा का माप (cm में) ज्ञात कीजिए।
(a) 9 (b) 12.5 (c) 12 (d) 8 **(c)**

11. एक वस्तु को ₹ 170 में बेचने पर एक व्यक्ति को 15% की हानि होती है। यदि वह इसे ₹ 206.40 में बेचे तो उसे कितने प्रतिशत लाभ या हानि होगी?
(a) हानि, 3.2% (b) हानि, 1.6%
(c) लाभ, 1.6% (d) लाभ, 3.2% **(d)**

12. किसी निश्चित राशि पर 8% की वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्षों में प्राप्त होने वाले चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच का अंतर ₹ 144 है। वह राशि (₹ में) कितनी है?
(a) 24,500 (b) 40,000 (c) 20,500 (d) 22,500 **(d)**

13. एक निश्चित धनराशि, साधारण ब्याज पर 2 वर्ष में ₹ 8,640 और 3 वर्ष में ₹9,720 हो जाती है। धनराशि (₹ में) और वार्षिक ब्याज दर क्रमशः कितनी हैं?
(a) ₹ 6,480 और 15% (b) ₹ 6,450 और $16\frac{2}{3}\%$
(c) ₹ 6,450 और 15% (d) ₹ 6,480 और $16\frac{2}{3}\%$ **(d)**

14. किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 12.5% की छूट देते हुए कोई दुकानदार इसे ₹ 805 में बेचता है। यदि उसने यह छूट ना दी होती तो उसे इस पर 15% का लाभ प्राप्त होता। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना है?
(a) 780 (b) 750 (c) 800 (d) 700 **(c)**

15. A और B की आय का अनुपात 4 : 5 और उनके व्ययों का अनुपात 2 : 3 है। यदि A और B क्रमशः ₹ 7,200 और ₹ 6,000 की बचत करते हैं, तो A की आय (₹ में) कितनी हैं?
(a) 24,000 (b) 18,000 (c) 19,200 (d) 20,000 **(c)**

16. सीमा आयु में, रीमा से 8 वर्ष छोटी है। यदि 4 वर्ष पहले, उनकी आयु का अनुपात 1 : 2 था, तो अब से 6 वर्ष बाद, सीमा की आयु (वर्षों में) कितनी होगी?
(a) 24 (b) 18 (c) 20 (d) 12 **(b)**

17. दो संख्याओं m और n का योग 84 (m > n) है और उनका अंतर 6 है। इन दोनों संख्याओं का अनुपात ज्ञात कीजिए।
(a) 15 : 13 (b) 4 : 3 (c) 17 : 15 (d) 9 : 8 **(a)**

18. एक ट्रेन की चाल 110 km/h है। यह 20% बढ़ जाती है और फिर ट्रेन एकसमान चाल से चलती है। ट्रेन चालक गति कम करो का संकेत देखता है, इसलिए वह उस समय की ट्रेन की चाल को 40% कम कर देता है। ट्रेन की अंतिम चाल (km/h में, दशमलव के एक स्थान तक सही) कितनी हैं?
(a) 79.2 (b) 69.2 (c) 66.5 (d) 75.5 **(a)**

19. [6 + 3 of 7 – 5] ÷ 2 of 11 का मान कितना है
(a) 22 (b) 1 (c) 11 (d) 121 **(b)**

20. एक समूह में 56 छात्रों का औसत वजन 55 kg है। यदि 60 kg औसत वजन वाले 12 छात्र इस समूह से निकल जाते हैं और 52.5 kg औसत वजन वाले 6 छात्र इस समूह में शामिल हो जाते हैं, तो समूह में शेष बचे छात्रों के औसत वजन में हुई कमी ज्ञात कीजिए।
(a) 2.5 kg (b) 1.5 kg (c) 1.8 kg (d) 2 kg **(b)**

21. एक संख्या में 25% की कमी की जाती है और फिर 26% की वृद्धि की जाती है। उसमें हुई शुद्ध प्रतिशत वृद्धि या प्रतिशत कमी ज्ञात करें।
(a) 2.5% कमी (b) 4% कमी
(c) $3\frac{2}{3}\%$ वृद्धि (d) $6\frac{1}{4}\%$ कमी **(d)**

22. P ने Q को एक लैम्प 20% के लाभ पर बेचा। बाद में, Q ने उसी लैम्प को 30% के लाभ पर P को बेच दिया, जिससे उसे ₹ 108 का लाभ मिला। P ने मूल रूप से लैम्प के लिए कितना भुगतान (₹ में) किया था?
(a) 300 (b) 280 (c) 330 (d) 320 **(c)**

23. सोनी और गीता एक साथ मिलकर किसी कार्य को 8 h में पूरा कर सकती हैं और आरती अकेले उस कार्य को 12 h में पूरा कर सकती है। गीता अकेले उस कार्य को कितने घंटे (h) में पूरा कर सकती हैं?
(a) 48 (b) 12 (c) 14 (d) 24 **(d)**

24. x, 1420 और 1780 के बीच आने वाली वह संख्या है जिसे 10, 15, 24 और 32 से विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 7 प्राप्त होता है। x के अंकों का योग कितना होगा?
(a) 22 (b) 16 (c) 13 (d) 19 **(b)**

25. 15 मीटर और 12 मीटर भुजाओं वाले कमरे के फर्श को पक्का करने के लिए आवश्यक वर्गाकार टाइलों की न्यूनतम संख्या ज्ञात करें।
(a) 16 (b) 15 (c) 20 (d) 60 **(c)**

## Section : English

1. **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**Vulnerable**
(a) Sensitive (b) Tender (c) Breakable (d) Secure **(d)**

2. **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**The lady was furious/to see that no one/were wearing masks/on the road near the shop.**
(a) The lady was furious (b) were wearing masks
(c) on the road near the shop
(d) to see that no one **(b)**

3. **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**Drop names**
(a) Delete someone's name from a list
(b) Name famous people to impress others
(c) Show disrespect to someone's name
(d) Assume a false name **(b)**

4. **Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Stun**
(a) Trick (b) Jest (c) Joke (d) Shock **(d)**

5. Select the option that will improve the underlined part of the given sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement required'.
The movie theatre is a excited place where people can relax and enjoy the experience.
(a) No improvement required
(b) exciting
(c) an exciting
(d) the excited (c)

6. Select the most appropriate option to fill in the blank.
Teams from all over India ........... in the talent show.
(a) provided (b) participated
(c) produced (d) prohibited (b)

7. The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.
The education of girls/is a primary concern for the country,/so it should be started early,/isn't it?
(a) The education of girls
(b) isn't it
(c) so it should be started early
(d) is a primary concern for the country (b)

8. Select the INCORRECTLY spelt word.
(a) Collection (b) Consolidation
(c) Coressponding (d) Complaint (c)

9. The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.
The president forced/to leave the country/when the people rose up against/the government.
(a) to leave the country
(b) the government
(c) The president forced
(d) when the people rose up against (c)

10. Select the most appropriate option to fill in the blank.
For a member to borrow money from the association, three.........need to be met.
(a) accounts (b) conditions
(c) points (d) restrictions (b)

11. Select the most appropriate synonym of the given word.
Defy
(a) Destroy (b) Abide (c) React (d) Disobey (d)

12. Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.
Release someone from a duty or obligation.
(a) Banish (b) Exonerate (c) Dismiss (d) Expel (b)

13. Select the option that will improve the underlined part of the given sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement required'.
Unless we sat in an incorrect posture, we may strain our back.
(a) Although we are sitting
(b) Until we sit
(c) No improvement required
(d) If we sit (d)

14. Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.
An object through which we cannot see at all.
(a) Opaque (b) Transparent
(c) Translucent (d) Crystal (a)

15. Select the INCORRECTLY spelt word.
(a) Recession (b) Remission
(c) Precission (d) Omission (c)

16. Select the most appropriate ANTONYM of the given word.
Alert
(a) Ready (b) Careless (c) Active (d) Aware (b)

17. Select the option that will improve the underlined part of the given sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement required'.
The decision to become a doctor is completely hers.
(a) No improvement required
(b) is completely her
(c) is complete her's
(d) are completely her (a)

18. Select the most appropriate meaning of the given idiom.
To beat around the bush
(a) To discuss the main topic
(b) To avoid the main issue
(c) To avoid noticing someone
(d) To explain something in detail (b)

19. Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.
Imitate someone's action or words in order to entertain or ridicule
(a) Repeat (b) Duplicate (c) Copy (d) Mimic (d)

20. Select the most appropriate option to fill in the blank.
The socio-economic policy has been the .......... of much debate.
(a) subject (b) talk (c) object (d) concept (a)

Comprehension:
[Direction : 21-25] In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
You should elect me as Class President as I think that everyone's (1)______ matters. I am a confident speaker and have won prizes (2)______ public speaking. I will make sure that the school council (3)______ to us. When people come to me with problems, I (4) ______ listen carefully. I never judge people who come to me for (5)______. You can count on me for help.

21. Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.
(a) estimate (b) opinion
(c) theorem (d) reaction (b)

22. Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.
(a) on (b) by (c) of (d) for (d)

23. Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.
(a) believes (b) hears
(c) listens (d) accepts (c)

24. Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.
(a) always (b) barely (c) seldom (d) never (a)

25. Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.
(a) advice (b) news (c) caution (d) lesson (a)

WhatsApp
JOIN NOW!

1. दिए गए शब्द के विलोम शब्द का चयन करें-
सहित
(a) असीम (b) विहीन (c) विमुख (d) असहित **(b)**

2. 'पाँव उखड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है-
(a) हारकर भाग जाना (b) आत्मसमर्पण करना
(c) घायल होना (d) गिर पड़ना **(a)**

3. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुनें।
नदियों के (1)/ बाढ़ ने (2)/ तबाही मचा दी है (3)/ कोई त्रुटि नहीं है (4)
(a) 3 (b) 2 (c) 1 (d) 4 **(c)**

4. निम्न चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गये मुहावरे का अर्थ व्यक्त करता है-
चटनी हो जाना
(a) बहुत जल्द खर्च हो जाना
(b) बर्बाद हो जाना
(c) कुचल जाना
(d) पिस जाना **(a)**

5. दिये गये वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?
इस ग्रंथ की इतिहासिकता अत्यंत संदिग्ध है।
(a) अत्यंत (b) इस ग्रंथ
(c) की इतिहासिकता (d) संदिग्ध है। **(c)**

6. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिये-
किसी के पीछे-पीछे चलने वाला
(a) अनुकरणीय (b) सहचर
(c) अनुज (d) अनुगामी **(d)**

7. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन सा है?
(a) तिरश्कार (b) तीरस्कार
(c) तिरस्कार (d) तिरष्कार **(c)**

8. 'गिरि' का पर्यायवाची है-
(a) आकाश (b) धरती (c) पर्वत (d) बादल **(c)**

9. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' विकल्प को चुनें।
मालिन ने माला गूंथ लिया।
(a) कोई त्रुटि नहीं (b) माला
(c) मालिन ने (d) गूँथ लिया **(d)**

10. 'जिसे त्याग देना उचित हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-
(a) त्याज्य (b) वांछनीय (c) त्यागी (d) त्यागपत्र **(a)**

11. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें।
घृणा
(a) नफ़रत (b) करी (c) रिपु (d) चाय **(a)**

12. दिये गये वाक्य में रेखाँकित अंश को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
सैनिकों ने देश को भारी संकट से <u>रोक दिया</u>।
(a) बचा लिया। (b) भगा दिया।
(c) रोक लिया। (d) हटा दिया। **(a)**

13. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
धमकी देते हुए बदमाश लोगों को .......... रहा था।
(a) ताक (b) देख (c) घूर (d) झांक **(c)**

14. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।
मधुर
(a) अम्ल (b) कटु (c) लवण (d) तिक्त **(b)**

15. दिये गये वाक्य में रेखाँकित अंश को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
भारत एक <u>ताकतवर</u> देश है।
(a) दुर्बल (b) शक्तिशाली
(c) अविकसित (d) प्रभावशाली **(b)**

16. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।
आजकल वहाँ काफी सरगर्मी.........है।
(a) दृष्टिकोण (b) वायवीय
(c) दिखती (d) संभावित **(c)**

17. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिये।
मध्य रात्रि का समय
(a) उषाकाल (b) विभावतरी (c) निशीथ (d) प्रदोष **(c)**

18. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन सा है?
(a) उज्ज्वल (b) उज्जवल (c) उज्वल (d) उजवल **(a)**

19. दिए गए वाक्य में रेखाँकित खंड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। यदि इसे प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता नहीं है, तो विकल्प 'किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है' का चयन करें।
इसका उत्तरदायित्व <u>मेरे ऊपर है।</u>
(a) मुझ ऊपर
(b) मुझ पर
(c) मेरे पर
(d) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है। **(b)**

20. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।
कमल का पुष्प..........होता है।
(a) सुकोमल (b) कोमल (c) निर्मल (d) विमल **(b)**

**Comprehension:**

**(निर्देश : 21-25)** दिए गए गद्यांश में कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थान भरें। प्रत्येक संख्या के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें–

संगीत का मानव (1)........ में विशेष स्थान है। प्रकृति का कण–कण संगीत से (2) ....... है। बाल–वृद्ध, नर–नारी सभी अनादि काल से उससे (3).......... होते आये हैं और सदैव होते रहेंगे। शिशु की (4)......... में, सरिता के (5) .......... निनाद में संगीत ही तो है।

21. गद्यांश के रिक्त स्थान (1) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
(a) ह्रदय (b) संसार (c) जीवन (d) मस्तिष्क **(c)**

22. गद्यांश के रिक्त स्थान (2) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
(a) ओत–प्रोत (b) डूबा
(c) सराबोर (d) भीगा **(a)**

23. गद्यांश के रिक्त स्थान (3) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
(a) तृप्त (b) संचालित (c) प्रभावित (d) गतिशील **(c)**

24. गद्यांश के रिक्त स्थान (4) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
(a) मुस्कान (b) कलरव
(c) हलचल (d) नटखटपन **(a)**

25. गद्यांश के रिक्त स्थान (5) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
(a) छुल–छुल (b) झर–झर
(c) कल–कल (d) छल–छल **(c)**

WhatsApp

JOIN NOW!

अन्य किसी भी प्रकार की PDF's के लिए

गूगल सर्च करें या क्लिक करें

Google

rajasthanclasses.in

WhatsApp JOIN NOW!

- भारत GK टेस्ट सीरिज :- Click Here
- सम्पूर्ण नोट्स PDF's :- Click Here
- GK/GS 5100+ प्रश्न PDF :- Click Here
- टेस्ट सीरिज Apk डाउनलोड :- Click Here
- राजस्थान क्लासेज (होम पेज) :- Click Here
- लेटेस्ट पोस्ट :- Click Here
- SSC GD मॉडल पेपर PDF :- Click Here